ग

# प्रफुल्ल मोहंती सम्मानित

## मिली साहित्य अकादमी की मानद महत्तर सदस्यता



ंबर
गा।
के
यों,
के
खों
पूरी
गे।

### बाल साहित्य पुरस्कार से पुरस्कृत लेखकों ने साझा किए अनुभव

नई दिल्ली, 15 नवम्बर (नवोदय टाइम्स) : साहित्य अकादमी के सर्वोच्च सम्मान मानद महत्तर सदस्यता से मंगलवार को प्रख्यात लेखक व चित्रकार प्रफुल्ल मोहंती को सम्मानित किया गया। ये सम्मान उन्हें साहित्य अकादमी के अध्यक्ष चंद्रशेखर कंबार द्वारा साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित पुस्तकायन पुस्तक मेले के पांचवे दिन दिया गया। इस मौके पर अकादमी के उपाध्यक्ष माधव कौशिक, ओडिया परामर्श मंडल के संयोजक बिजयानंद सिंह व अकादमी सचिव के. श्रीनिवासराव उपस्थित थे।

बता दें कि मेले के पांचवे दिन



बाल साहित्यकार जिन्हें साहित्य अकादमी के बाल साहित्य पुरस्कार 2022 से पुरस्कृत किया गया था उन्होंने लेखक सम्मिलन में अपनी रचना प्रक्रिया के बारे में अपने विचार साझा किए। सभी बाल लेखकों का कहना था कि बच्चों के लिए और गंभीरता से लिखने की जरूरत है और बच्चों के लिए लिखते हुए हमें वर्तमान परिदृश्य, खासतौर पर तकनीकी परिवर्तनों, को बहुत ध्यान से प्रस्तुत करना होगा।